**प्रेस विज्ञप्ति**

**लोक भवन, राँची**

**दिनांक : 16 अगस्त, 2026 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार आज बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, राँची में आयोजित 135वें इंडियनऑयल डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले (एससी दिल्ली बनाम एफसी रेंगदाई) को देखने पहुँचे। इस अवसर पर उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

(2) माननीय राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति में लोक भवन में स्वतंत्रता दिवस-2026 के उपलक्ष्य में 'स्वागत समारोह' आयोजित

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार की गरिमामयी उपस्थिति में आज लोक भवन, राँची स्थित बिरसा मंडप में स्वतंत्रता दिवस-2026 के उपलक्ष्य में 'स्वागत समारोह' का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष, झारखण्ड विधानसभा एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी, राज्य सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण एवं पूर्व सांसदगण, महापौर, राँची, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक समेत प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारीगण, सैन्य अधिकारीगण, सूचना आयुक्तगण, कुलपतिगण, पद्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तित्व, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले गणमान्य नागरिक तथा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उपस्थित थे।